प्रलिम्सि फैक्ट : 18 मार्च, 2021

- अंतर-संसदीय संघ

अंतर-संसदीय संघ

(Inter-Parliamentary Union)

हाल ही में अंतर-संसदीय संघ (Inter-Parliamentary Union- IPU) के अध्यक्ष ने भारतीय संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में सांसदों को संबोधित किया।

IPU के विषय में

- IPU विश्व की विभिन्न **राष्ट्रीय संसदों का एक अंतर्राष्ट्रीय संघ** है, इसकी स्थापना वर्ष 1889 में पेरिस में की गई थी।
    - इसकी स्थापना **फ्राँस के फ्रेडरिक पैसी** और **यूनाइटेड किंगडम के विलियम रैंडल क्रेमर** ने की थी।
- यह विवादों की मध्यस्थता के लिये **संयुक्त राष्ट्र** (UN), क्षेत्रीय संसदीय संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय अंतर-सरकारी संगठनों और गैर-सरकारी संगठनों के निकट सहयोग से काम करता है।
- यह विश्व भर में राजनीतिक विचारों और रुझानों पर नज़र रखने वाला एक विशिष्ट मंच है।

उद्देश्य

- दुनिया भर में **संसदीय संवाद को बढ़ावा देना** और लोगों के बीच **शांति एवं सहयोग को बनाए रखने के लिये कार्य करना**।
- अपने सदस्यों के बीच **लोकतांत्रिक शासन, जवाबदेही और सहयोग को बढ़ावा देना**।

आदर्श वाक्य:

- लोकतंत्र के लिये। सभी के लिये। (For democracy. For everyone.)

कार्य:

- **छह प्रमुख क्षेत्रों** में अंतर्राष्ट्रीय चिंताओं को संबोधित कर संसदीय कार्रवाई को बढ़ावा देना। ये छह क्षेत्र हैं:
    - प्रतिनिधिक लोकतंत्र।
    - शांति और सुरक्षा।
    - सतत् विकास।
    - मानवाधिकार और मानवीय कानून।
    - राजनीति में महिलाएँ।
    - शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति।
- **सदस्य:**
    - 179 देश IPU के सदस्य हैं।
    - 13 क्षेत्रीय संसदीय सभाएँ इसकी सहयोगी सदस्य हैं।
    - भारत इसका सदस्य है।
- **मुख्यालय:**
    - जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-18-march-2021